कार्यालय
आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड उ0प्र0
आयुर्वेद भवन, 32 सराजनी नायडू मार्ग,लखनऊ ।

पत्रांक 607/बोर्ड –आयु0/यूनानी फार्मे0उप0वार्षिक परीक्षा(25)/25 लखनऊ दिनांक 21–03–2025

**कार्यालय –ज्ञाप**

आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड, उ0प्र0 से मान्यता प्राप्त अनुचिकित्सकीय प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रधानाचार्यो को सूचित किया जाता है कि सत्र 2020–21 की आयुर्वेदिक उपचारिकाओं की प्रसूति वार्षिक परीक्षा, सत्र 2021–22 की आयुर्वेदिक एवं यूनानी उपचारिकाओं की अन्तिम वर्ष वार्षिक परीक्षा, सत्र 2022–23 के आयुर्वेदिक एघं यूनानी फार्मेसिस्टों की अन्तिम वर्ष वार्षिक परीक्षा एवं सत्र 2023–24 के आयुर्वेदिक तथा यूनानी फार्मेसिस्ट तथा उपचारिकाओं की प्रथम वर्ष वार्षिक परीक्षा जो कि दिनांक 02 अप्रैल 2025 से प्रारम्भ हो रही है , हेतु उत्तरपुस्तिकाएँ बोर्ड कार्यालय से दिनांक 28–03–2025 तक अवश्य प्राप्त कर लें ।

( डा0 अखिलेश कुमार वर्मा )
रजिस्ट्रार

पत्रांक 607/बोर्ड –आयु0/यूनानी फार्मे0उप0वार्षिक परीक्षा(25)/25 लखनऊ दिनांक 21–03–2025
प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01– बोर्ड से मान्यता प्राप्त सभी आयुर्वेदिक/यूनानी फार्मेसिस्ट एवं आयुर्वेदिक/यूनानी उपचारिका प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रधानाचार्यो को ई–मेल के माध्यम से ।
02– एस0आर0नेट को बोर्ड की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु ।

( डा0अखिलेश कुमार वर्मा )
रजिस्ट्रार

Scanned with CamScanner

**कार्यालय**
**आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड उ0प्र0**
**आयुर्वेद भवन, 32 सरोजनी नायडू मार्ग,लखनऊ ।**

पत्रांक 606/बोर्ड –आयु0/यूनानी फार्मे0उप0 वार्षिक परीक्षा(25)/25 लखनऊ दिनांक– 21-3-2025

**परीक्षा सम्बन्धी निर्देश**

सत्र 2020–21 की आयुर्वेदिक उपचारिकाओं की प्रसूति वार्षिक परीक्षा, सत्र 2021–22 की आयुर्वेदिक एवं यूनानी उपचारिकाओं की अन्तिम वर्ष वार्षिक परीक्षा, सत्र 2022–23 के आयुर्वेदिक एवं यूनानी फार्मेसिस्टों की अन्तिम वर्ष वार्षिक परीक्षा एवं सत्र 2023–24 के आयुर्वेदिक तथा यूनानी फार्मेसिस्ट तथा उपचारिकाओं की प्रथम वर्ष वार्षिक परीक्षाएँ जो दिनांक 02 अप्रैल, 2025 से कराया जाना प्रस्तावित हैं के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आपके प्रशिक्षण केन्द्र को उक्त परीक्षाओं हेतु परीक्षा केन्द्र बनाया जाता है तथा प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य को केन्द्राध्यक्ष बनाया जाता है । परीक्षा के सम्बन्ध में निम्नलिखित निर्देशों का अनुपालन कडाई से सुनिश्चित किया जाये –

**01–** बोर्ड द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने के 30 मिनट पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य/केन्द्राध्यक्ष की ई–मेल आईडी पर सम्बन्धित विषय के प्रश्नपत्र अपलोड किये जायेगे । उक्त प्रश्न पत्रों को डाउनलोड कर उनकी फोटो स्टेट प्रति सभी परीक्षार्थियों को लिखित परीक्षा शुरू होने से 5 मिनट पूर्व हस्तगत कराये जाये ।

**02–** प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य/केन्द्राध्यक्ष की ई–मेल आईडी पर परीक्षा सामग्री यथा प्रवेश पत्र , डेस्क स्लिप, उपस्थित पत्रक, एवं वाह्य कियात्मक परीक्षक अंकतालिका भेजी जायेगी ।

**03–** सभी परीक्षाएँ सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में होगी । प्रतिदिन सम्पन्न होने वाली परीक्षा की सी0डी0 उत्तर पुस्तिकाओं के साथ भेजना अनिवार्य है ।

**04–** सभी प्रशिक्षण केन्द्र सी0सी0टी0वी0 कैमरा, जनरेटर, कम्प्यूटर एवं प्रिन्टर की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए इसकी सूचना पूर्व प्रेषित कार्यालय ज्ञाप के अनुसार प्रेषित करें ।

**05–** प्रतिदिन लिखित परीक्षा की समाप्ति के उपरान्त उत्तरपुस्तिकाओं को सीलड कराये तथा उस पर स्वयं हस्ताक्षर करें साथ ही कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर कराये तथा लिखित परीक्षा समाप्ति के उपरान्त उसी दिन या उसके दूसरे दिन हर हाल में डाक द्वारा अथवा किसी अधिकृत व्यक्ति के द्वारा उत्तरपुस्तिकाएँ बोर्ड कार्यालय को प्रेषित करें । सीलड पैकेट में विषय का नाम , प्रेषक संस्था का नाम अवश्य अंकित किया जाये ।

**06–** नकल करते पकडे गये परीक्षार्थी की उत्तरपुस्तिका नकल सामग्री के साथ जब्त कर ले तथा उत्तरपुस्तिका के अन्त में स्पष्ट रूप से अंकित करे कि परीक्षार्थी को नकल करते हुए पाया गया तथा उस पर अपना हस्ताक्षर तथा कक्ष निरीक्षकों के हस्ताक्षर करा लें तथा परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु दूसरी उत्तरपुस्तिका दे दे । दूसरी उत्तरपुस्तिका एवं नकल करते हुए पकडी गई उत्तरपुस्तिका को एक साथ संलग्न कर अलग से सीलड कर प्रेषित करें ।

**07–** बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रवेश पत्र सम्बन्धित परीक्षार्थी को हस्तगत करा दें तथा डेस्क स्लिपों को मेज पर चस्पा करा दें । सीटिंग व्यवस्था का चार्ट परीक्षा कक्ष के बाहर चस्पा करा दें ।

**08–** बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये उपस्थिति चार्ट पर परीक्षार्थी के हस्ताक्षर प्रतिदिन कराये तथा परीक्षा कक्ष में उपस्थित छात्राओं के प्रवेश पत्र की जॉच कर लें ।

**09–** परीक्षा निर्धारित समय में प्रारम्भ की जाये तथा निर्धारित समय में समाप्त करायी जाये ।

**10–** परीक्षा केन्द्र में बोर्ड का प्रतिनिधि/पर्यवेक्षक/उडनदस्ता उपस्थित होगें जिनका पूर्ण सहयोग करें ।

**11–** परीक्षा शुरू होने के पूर्व परीक्षार्थी को यह सूचित कर दे कि उत्तरपुस्तकाओं के मुख्य पृष्ठ पर अंकित निर्देशों को भली भॉति पढ लें । परीक्षा सम्बन्धी समस्त अनियमित तथा वर्जित साम्रगी परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व परीक्षा कक्ष से बाहर जमा कर दें । परीक्षा के समय मोबाइल पूर्णतया वर्जित है । यह भी अवगत करा दे कि उत्तरपुस्तिका में परीक्षार्थी अपनी पहचान बनाने के लिए कोई चिन्ह अंकित नही करेगें और न ही अपना नाम अंकित करेगें। यदि किसी भी प्रकार का चिन्ह अथवा नाम उत्तरपुस्तिका में पाया जाता है तो उसकी उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन रोक दिया जायेगा ।

....2

Scanned with CamScanner

12– परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थी को उचित दूरी में बैठने की व्यवस्था की जाये ।

13– प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दो कक्ष निरीक्षक होगें जिनकी नियुक्ति प्रधानाचार्य/केन्द्राध्यक्ष द्वारा की जायेगी तथा उसकी सूचना बोर्ड को प्रेषित की जायेगी ।

14– कियात्मक परीक्षा में अंतरंग परीक्षक सम्बन्धित विषय का अध्यापक होगा जिसकी नियुक्ति प्रधानाचार्य/केन्द्राध्यक्ष द्वारा की जायेगी एवं उसकी सूचना बोर्ड को प्रेषित की जायेगी । वाह्य कियात्मक परीक्षकों की सूचना पृथक से प्रेषित की जायेगी ।

( डा0अखिलेश कुमार वर्मा )
रजिस्ट्रार

पत्रांक 606/बोर्ड –आयु0/यूनानी फार्मे0उप0 वार्षिक परीक्षा(25)/25 लखनऊ दिनांक– 21-3-2025

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेशित ––

01– मा0 अध्यक्ष महोदय, आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड, उ0प्र0 ।

02– मा0 सदस्यगण, आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड,/संकाय उ0प्र0

03– बोर्ड से मान्यता प्राप्त सभी आयुर्वेदिक/यूनानी फार्मेसिस्ट, उपारिका प्रशिक्षण केन्द्रो के प्रधानाचार्यो को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निर्देशों का अनुपालन कढाई से किया जाना सुनिश्चित किया जाये ।

04– शिक्षानुभाग, आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड, उ0प्र0

05– एस0आर0नेट ,गोमतीनगर को बोर्ड की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु ।

( डा0अखिलेश कुमार वर्मा )
रजिस्ट्रार

Scanned with CamScanner

कार्यालय
**आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड उ0प्र0**
**आयुर्वेद भवन, 32 सरोजनी नायडूमार्ग,लखनऊ ।**

संख्या 608/ बोर्ड–आयु0/यू0फार्मे0उप0 वार्षिक परीक्षा /25 लखनऊ दिनांक 21–03–2025

**कार्यालय –ज्ञाप**

आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड, उ0प्र0 से मान्यता प्राप्त अनुचिकित्सकीय प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रबन्धकों/प्रधानाचार्यो को सत्र 2020–21 की आयुर्वेदिक उपचारिकाओं की प्रसूति वार्षिक परीक्षा, सत्र 2021–22 की आयुर्वेदिक एवं यूनानी उपचारिकाओं की अन्तिम वर्ष वार्षिक परीक्षा, सत्र 2022–23 के आयुर्वेदिक एवं यूनानी फार्मेसिस्टों की अन्तिम वर्ष वार्षिक परीक्षा एवं सत्र 2023–24 के आयुर्वेदिक तथा यूनानी फार्मेसिस्ट तथा उपचारिकाओं की प्रथम वर्ष वार्षिक परीक्षा **जो कि** दिनांक 02 अप्रैल 2025 से प्रारम्भ हो रही है ,के सम्बन्ध में एतद्दवारा निर्देशित किया जाता है कि –

**01–** प्रशिक्षण केन्द्र की सोसाइटी/ट्रस्ट के सचिव/प्रबन्धक, प्रशिक्षण केन्द्र में कार्यरत प्रधानाचार्य /शिक्षकों का विवरण निम्नानुसार बोर्ड की ई मेल आईडी bimupup@ gmail.com पर दिनांक 28–03–2025 तक प्रत्येक दशा में प्रेषित करना सुनिश्चित करें –

**प्रशिक्षण केन्द्र का नामः–**

| क्रम संख्या | पद | नाम एवं पता | ई मेल आई डी | मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सचिव/प्रबन्धक का नाम | | | |
| 02 | प्रधानाचार्य का नाम | | | |
| 03 | अध्यापक का नाम –1 | | | |
| 04 | अध्यापक का नाम –2 | | | |
| 05 | अध्यापक का नाम –3 | | | |
| 06 | अध्यापक का नाम –4 | | | |
| 07 | अध्यापक का नाम –5 | | | |

**02–** सभी परीक्षाएँ सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में होगी अतः प्रशिक्षण केन्द में सी0सी0टी0वी0 कैमरा, जनरेटर, कम्प्यूटर एवं प्रिन्टर की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए इसकी सूचना 28–03–2025 तक प्रत्येक दशा में प्रेषित करना सुनिश्चित करें ।

( डा0अखिलेश कुमार वर्मा )
रजिस्ट्रार

संख्या 608/ बोर्ड–आयु0/यू0फार्मे0उप0 वार्षिक परीक्षा /25 लखनऊ दिनांक 21–03–2025
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–
01– बोर्ड से मान्यता प्राप्त समस्त सम्बन्धित प्रशिक्षण केन्द्रो के प्रधानाचार्यो को ई–मेल के माध्यम से ।
02– एस0आर0नेट को बोर्ड की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु ।

(डा0 अखिलेश कुमार वर्मा)
रजिस्ट्रार

Scanned with CamScanner

कार्यालय
**आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड उ0प्र0**
**आयुर्वेद भवन, 32 सरोजनी नायडू मार्ग, लखनऊ**

पत्रांक 602 /बोर्ड –आयु0/यूनानी फार्मे0उप0वार्षिक परीक्षा(25)/25 लखनऊ दिनांक 21–03–2025

**आयुर्वेदिक उपचारिका /आयुर्वेदिक फार्मेसिस्ट प्रथम वर्ष वार्षिक परीक्षा माह, अप्रैल 2025 का परीक्षा कार्यक्रम :–**

| आयुर्वेद उप0 प्रथम वर्ष वार्षिक परीक्षा के विषय | आयुर्वेद फार्मे0 प्रथम वर्ष वार्षिक परीक्षा के विषय | लिखित परीक्षा की तिथि ,दिन एवं समय |
|---|---|---|
| 01–सामान्य विज्ञान | 01–आयुर्वेद परिचय एवं स्वस्थ्य वृत्त | 02–04–2025 दिन बुधवार 9:30 बजे से 12:30 बजे |
| 02–शारीर | 02–शरीर रचना एवं किया विज्ञान | 03–04–2025 दिन बृहस्पतिवार 9:30 बजे से 12:30 बजे |
| 03–स्वस्थ्य वृत | .03–द्रव्यगुण एवं द्रव्य परिचय | 04–04–2025 दिन शुकवार 9:30 बजे से 12:30 बजे |
| 04–जीवाणु परिचय | ................. | 05–04–2025 दिन शनिवार 9:30 बजे से 12:30 बजे |
| 05–सामान्य परिचर्या | ............... | 07–04–2025 दिन सोमवार 9:30 बजे से 12:30 बजे |

( डा0अखिलेश कुमार वर्मा )
रजिस्ट्रार

पत्रांक /बोर्ड –आयु0/यूनानी फार्मे0उप0वार्षिक परीक्षा(25)/25 लखनऊ दिनांक 21–03–2025
प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01– बोर्ड से मान्यता प्राप्त सभी आयुर्वेदिक फार्मेसिस्ट एवं आयुर्वेदिक उपचारिका प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रधानाचार्यो को ई–मेल के माध्यम से ।

02– एस0आर0नेट को बोर्ड की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु ।

( डा0अखिलेश कुमार वर्मा )
रजिस्ट्रार

Scanned with CamScanner

कार्यालय
आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड उ0प्र0
आयुर्वेद भवन, 32 सरोजनी नायडू मार्ग, लखनऊ

पत्रांक 605/बोर्ड –आयु0/यूनानी फार्मे0उप0वार्षिक परीक्षा(25)/25 लखनऊ दिनांक 21–03–2025

**आयुर्वेदिक उपचारिका /आयुर्वेदिक फार्मेसिस्ट अन्तिम वर्ष एवं प्रसूति वार्षिक परीक्षा**
**माह, अप्रैल 2025**
**–: परीक्षा कार्यक्रम :–**

| आयुर्वेद उप0 अन्तिम वर्ष वार्षिक परीक्षा के विषय | आयुर्वेद फार्मेसिस्ट अन्तिम वर्ष वार्षिक परीक्षा के विषय | प्रसूति का विषय | लिखित परीक्षा की तिथि ,दिन एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01–द्रव्य विज्ञान एवं भैषज्य कल्पना | 01–रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना | ------- | 02–04–2025 दिन बुधवार 2:00 बजे से 5:00 बजे |
| 02–सामान्य परिचर्या | 02–रूग्ण परिचर्या एवं व्यवहार आयुर्वेद | ------ | 03–04–2025 दिन बृहस्पतिवार 2:00 बजे से 5:00 बजे |
| 03–विशिष्ठ परिचर्या | 03–रोग परिचय एवं चिकित्सा | ------ | 04–04–2025 दिन शुक्रवार 2:00 बजे से 5:00 बजे |
| 04–व्याधि विज्ञान एवं उपचार | .................... | ......... | 05–04–2025 दिन शनिवार 2:00 बजे से 5:00 बजे |
| 05–मानस रोग परिचर्या एवं व्यावसायिक वृत्त | ......... | प्रसूति | 07–04–2025 दिन सोमवार 2:00 बजे से 5:00 बजे |

( डा0अखिलेश कुमार वर्मा )
रजिस्ट्रार

पत्रांक /बोर्ड –आयु0/यूनानी फार्मे0उप0वार्षिक परीक्षा(25)/25 लखनऊ दिनांक 21–03–2025

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01– बोर्ड से मान्यता प्राप्त सभी आयुर्वेदिक फार्मेसिस्ट एवं आयुर्वेदिक उपचारिका प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रधानाचार्यो को ई–मेल के माध्यम से ।

02– एस0आर0नेट को बोर्ड की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु ।

( डा0अखिलेश कुमार वर्मा )
रजिस्ट्रार

Scanned with CamScanner